<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राज्यपाल ने सुझाव दिया
मुख्यमंत्री अपने नये कार्यालय का उपयुक्त नामकरण करें

लखनऊ: 3 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को पत्र लिखकर कहा है कि प्रमुख समाचार पत्रों में दारूलशफा में बन रहे नये सचिवालय भवन की खबर पढ़कर अत्यन्त प्रसन्नता हुई। उन्होंने सुझाव दिया कि उस इमारत में जहाँ मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव का कार्यालय स्थानांतरित होना है वहीं मुख्यमंत्री का कार्यालय होते हुए भी उसे सचिवालय कहना युक्तिसंगत नहीं लगता। उन्होंने कहा है कि नयी इमारत में राज्य के मुख्यमंत्री का कार्यालय प्रस्तावित है उसे सचिवालय कहने के बजाय मंत्रालय कहना अधिक सार्थक और सारगर्भित होगा। उन्होंने यह भी कहा है कि सचिवालय, सेक्रीटेरिएट जैसे शब्द ब्रिटिश हुकुमत के परिचायक हैं। लिहाजा आजादी के बाद जनतंत्र के माहौल में मंत्रालय शब्द अधिक योग्य है।

श्री नाईक ने इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात भी की और कहा कि अन्य प्रदेशों में मुख्यमंत्री कार्यालय भवन या तो मंत्रालय कहा जाता है या फिर राज्य की गरिमा के अनुरूप कोई उपयुक्त नाम रखा जाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि उनके कार्यालय की नई इमारत का सार्थक नामकरण किया जायेगा।